# प्रदेश में अब तक का सबसे लंबा चला डिजिटल अरेस्ट, ढाई करोड़ की ठगी

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 16 अप्रेल।** प्रदेश में अब तक के सबसे लंबे चले डिजिटल अरेस्ट का मामला सामने आया है। ग्वालियर जिले के रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रदिप्तानंद को 26 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 2.52 करोड़ रुपए की ठगी की गई ।स्वामी ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम शाखा में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाटीपुर स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रदिप्तानंद को वीडियो कॉल के माध्यम से 26 दिन तक डिजिटल अरेस्ट किया गया। इस दौरान उनके साथ 2.52 करोड़ की ठगी की गई। शातिर ठगों ने खुद को नासिक पुलिस का अफसर बताकर कॉल किया और स्वामी को नरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसा हुआ बताया। 17 मार्च को आई पहली कॉल के साथ ठगी की शुरुआत हुई, जिसके बाद 26 दिन तक स्वामी सुप्रदिप्तानंद को डिजिटल अरेस्ट कर देशभर के अलग-अलग बैंक खातों में 2.52 करोड़ रुपये ट्रांसफर कराए गए। ठगो ने स्वामी सुप्रदिप्तानंद को झांसा दिया कि 15 अप्रैल तक यह राशि वापस कर दी जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद 16 अप्रैल को स्वामी सुप्रदिप्तानंद ने ग्वालियर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह से शिकायत की। इसके बाद साइबर क्राइम ब्रांच में केस दर्ज किया गया।

साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिन खातों में रुपये ट्रांसफर किए गए हैं, उनकी जनकारी खंगाली जा रही है। इस मामले को मध्यप्रदेश का अब तक का सबसे लंबा डिजिटल अरेस्ट माना जा रहा है।


रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रदिप्तानंद बने शिकार

## निगम मुख्यालय पर महापौर लोकमंत्रणा आज

**ग्वालियर 16 अप्रैल ।** महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार द्वारा आमजनों की समस्याओं से रूबरू होकर उनका निराकरण समय सीमा में करने के उद्देश्य से दिनांक 17 अप्रैल को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक निगम मुख्यालय पर महापौर लोकमंत्रणा करेंगीं। इस कार्यक्रम के तहत महापौर निगम के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठकर आम जनों की समस्यायें सुनकर और उनका मौके पर निराकरण भी कराएंगीं। सिटीसेन्टर स्थित निगम मुख्यालय के सभागार में "महापौर लोकमंत्रणा" कार्यक्रम के तहत आम जनों द्वारा जो समस्यायें बताई जायेंगी उनको पंजीबद्ध कर निराकरण किया जायेगा। साथ ही जिन समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाना है। उनके लिये निराकरण के पश्चात संबंधित आवेदक को निराकरण के संबंध में जानकारी भी दी जावेगी।

# हेरिटेज लुक में चमकेगा बाड़े का डाकघर

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 16 अप्रेल।** डाक विभाग द्वारा महाराज बाड़ा स्थित प्रधान डाकघर का हेरिटेज लुक में संरक्षण किया जाएगा। संरक्षण और आपदा जोखिम प्रबंधन योजना के होने के बाद शहर का ये प्रमुख डाकघर नए कलेवर में नजर आएगा। डाक विभाग ने देश के आठ राज्यों के 10 हेरिटेज डाकघरों में लश्कर के प्रधान डाकघर को भी शामिल किया है। मध्यप्रदेश में लश्कर का डाकघर इकलौता होगा, जिसे हेरिटेज भवन संरक्षण में शामिल किया गया है। यहां इंडियन पोस्टल हेरिटेज का साइन बोर्ड भी जल्द लगने वाला है।

**रोमन वास्तुकला की अद्भुत कारीगरी का खूबसूरत नमूना है यह इमारत**

प्रधान डाकघर के संरक्षण कार्य के लिए स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड नोडल एजेंसी बन सकती है। बैठक में बताया गया कि पांच वर्ष के संरक्षण कार्य के लिए 10 करोड़ का खर्च होगा। बैठक में प्रवर अधीक्षक अमित कुमार सिंह, भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सहायक अधीक्षक शशिकांत राठौर, स्मार्ट सिटी के जूनियर इंजीनियर सिद्धार्थ पाठक व प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर रामकुमार गौड़ मौजूद रहे।

**1909 से संचालित :** प्रधान डाकघर ग्वालियर के महाराज बाड़ा पर स्थित है। भव्य इमारत का निर्माण 1886 से 1909 के मध्य तत्कालीन शासक जयाजी राव सिंधिया ने कराया था। इसे नूतन महल के नाम से जाना जाता था। इसकी भव्यता इसकी निर्माण शैली में ही निहित है। प्रवेश द्वार की ओर जाने वाली सीढ़ियों के बाद खंभे हैं, जिन पर त्रिकोणीय रोमन वास्तुकला है।



# बिलौआ में हुआ विशाल दंगल देशभर से आए पहलवान




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 16 अप्रेल।** नगर बिलौआ मैं खेड़ापति सरकार बड़ी माता के मेले में श्री सिद्धेश्वर युवा समिति द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर किया गया। प्रतियोगिता में पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, मथुरा, लखनऊ, आगरा, झांसी, ग्वालियर, मुरैना, भिंड के पहलवानों ने भाग लिया। कुश्ती प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष वर्ग दोनों की करवाई गई जिसमें पुरुष वर्ग से बल्लू पहलवान भिंड, सोनू पहलवान बिलौआ, फराज अमी आमा ग्वालियर, सैफ अली दिल्ली एवं आकाश यादव आमियामा बाबा पहलवान पंजाब के अंतिम कुश्ती करवाई गई जिसमें तीनों कुश्ती बराबर पर रही। पुरस्कार स्वरूप समिति द्वारा 31 -31 हजार की राशि व मोमेंटो प्रदान किए गए।

महिला वर्ग में ग्वालियर की रानी राणा, दिल्ली की श्रुति की कुश्ती बराबर रही जिन्हें पुरस्कार स्वरूप 11000 बराबर की राशि प्रदान की गई।

# शिकायत अटेण्ड किए बगैर आगे बढ़ी तो संबंधित अधिकारी का कटेगा वेतन : कलेक्टर

## सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण विभाग के खिलाफ कार्रवाई के लिये भेजा प्रस्ताव


**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 16 अप्रेल।** कोई भी शिकायत अटेण्ड किए बगैर आगे न बढ़े, संतुष्टिपूर्ण निराकरण हो और 50 दिन से अधिक पुरानी शिकायतों का निराकरण समयबद्ध कार्यक्रम के तहत करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर आई शिकायतों की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई शिकायत एल-1 स्तर पर अटेण्ड नहीं की गई तो संबंधित अधिकारी का सात दिन का वेतन काटा जायेगा।

**सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों की हुई समीक्षा**

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जनजाति कल्याण विभाग की शिकायतों के निराकरण की स्थिति ठीक न पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण विभाग के खिलाफ कार्रवाई के लिये संभाग आयुक्त को प्रस्ताव भेजा है। साथ ही वेतन रोकने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों की सहायतार्थ संचालित संकटापन्न योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को तत्परता से दिलाया जाए। साथ ही आवास भत्ता का लाभ पात्र विद्यार्थियों को समय-सीमा के भीतर दिलाना सुनिश्चित करें।

सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान ने फसल बीमा संबंधी शिकायत के निराकरण में उदासीनता सामने आने पर भितरवार के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को वेतन काटने का कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिए। साथ ही निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों द्वारा सीएम हैल्पलाइन की शिकायतें समय-सीमा के भीतर अटेण्ड नहीं की जा रही हैं, उनको विधिवत नोटिस जारी करें और सही जवाब न होने पर 7 - 7 दिवस का वेतन काटें।

बैठक में खासतौर पर उन विभागों की सीएम हैल्पलाइन के निराकरण की समीक्षा की गई, जो शिकायतों के निराकरण के लिहाज से निचले ग्रेड पर हैं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शिकायतों के निराकरण के लिये समय-सीमा निर्धारित की है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ कराया जाए। बुधवार की शाम कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी श्री टी एन सिंह व संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन सहित जिले के एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



# अग्नि दुर्घटना के शहीदों को आज किया जाएगा नमन

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 16 अप्रेल।** नगर निगम के फायर अमले द्वारा अग्निशमन सप्ताह अंतर्गत दिनांक 17 अप्रैल को फायर ब्रिगेड मुख्यालय पर नागरिकों को अग्निकांड के समय कैसे बचाव किया जाता है। इसकी जानकारी दी जावेगी।

फायर ऑफीसर श्री उमंग प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉक मुंबई में पानी के जहाज पर सेना की विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। भरी हुई सामग्री में आग लग जाने पर बॉम्बे फायर ब्रिगेड के 100 अधिकारी,कर्मचारियों को आग पर नियंत्रण पाने के लिये भेजा गया। किन्तु आगजनी की घटना इतनी बड़ी थी कि अग्निकांड में 66 फायर सर्विस के कर्मचारी आग पर नियंत्रण पाने में शहीद हो गये ।

उनकी याद में यह दिवस दिनांक 14 अप्रैल से 20 अप्रैल के मध्य शहीदों की श्रद्धांजलि देने के लिए अग्निशमन सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। उक्त आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को अग्नि काण्ड के समय कैसे बचाव किया जाता है, इसकी जानकारी दी जावेगी। उक्त कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 17 अप्रैल को दोपहर 1:00 बजे से फायर ब्रिगेड मुख्यालय पर किया जा रहा है।



# महाभारत के दुर्योधन पुनीत इस्सर पंडोखर सरकार की शरण में

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 16 अप्रेल।** पण्डोखर सरकार के जन्मदिन पर भगवान श्री रामचंद्र की तस्वीर श्री गुरुशरण शर्मा महाराज पण्डोखर सरकार को बॉलीवुड अभिनेता एवं महाभारत सीरियल में दुर्योधन की भूमिका निभाने वाले पुनीत इस्सर ने भेंट की। पंडोखर सरकार ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

# सोनिया, राहुल के समर्थन में कांग्रेस सड़कों पर उतरी



ग्वालियर 16 अप्रेल। कांग्रेस का आरोप है कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्यवाही करते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए जो कार्यवाही कर रही है। उसके खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे, विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार, साहब सिंह गुर्जर, सुरेश राजे, पूर्व विधायक प्रदेश महासचिव प्रवीण पाठक, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, श्रीमती रश्मि पवार शर्मा की उपस्थिति में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अलकापुरी सिटी सेंटर स्थित कलेक्टर मुख्यालय पर प्रदर्शन कर आक्रोष दर्ज कराया एवं राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि आज जब भारत 75 वर्षों से अधिक पुराने लोकतंत्र की विरासत का दावा करता है, तब देश के भीतर एक खतरनाक प्रवृत्ति लगातार गहराती जा रही है, केंद्र सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग की। विशेष रूप से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर बदले की भावना से की जा रही कार्रवाई, लोकतंत्र की आत्मा को निरंतर घायल कर रही है! हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया है। यह न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि स्पष्ट रूप से यह केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की संकीर्ण मानसिकता का भी प्रतीक है। जिस परिवार ने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया, जिनके अपने बलिदान हुए, उस गांधी-नेहरू परिवार को केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार बार-बार अपमानित करने का असफल प्रयास कर रही है। 3ण् यह कि इस प्रकार की कार्रवाइयों पर तत्काल निष्पक्ष और स्वतंत्र न्यायिक जांच की व्यवस्था हो, जिससे देश की जनता के बीच एजेंसियों की निष्पक्षता और लोकतंत्र की साख बची रह सके।

प्रदर्शन में प्रदेश सचिव राहुल शर्मा, दशरथ सिंह गुर्जर, प्रदेश प्रवक्ता राम पांडे, आर.पी सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, वीर सिंह तौमर, इब्रहिम पठान, चतुर्भुज धनोलिया, संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव हेवरन सिंह कंसाना, संजय सिंह यादव, सरमन राय, जयराज सिंह चौहान, योगेंद्र तौमर, संजय सिंह राठौर, जेएच जाफरी, राजेन्द्र सिंह नाती, श्रीमती सीमा समाधिया, भैयालाल भटनागर, डॉ. राकेश अग्रवाल, रतिराम द्दा, तरूण सिंह कुशवाह, अवनीश गोड़, अशोक तरेटिया, प्रेम सिंह कौरव, शामिल थे।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

86 1939-2025
के.रि.पु.बल दिवस परेड
राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित

CBC 19111/13/0001/2526

"सेवा और निष्ठा"



केंद्रीय रिजर्व पुलिस बलः देश का अग्रणी सशस्त्र पुलिस बल

- 01 जॉर्ज क्रॉस, 03 किंग पीएमजी, 01 अशोक चक्र, 01 वीर चक्र, 14 कीर्ति चक्र, 48 शौर्य चक्र समेत 2708 वीरता पदकों से विभूषित।
- राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखती सम्पूर्ण भारतवर्ष में तैनात 248 बटालियनें।
- आतंकवाद, नक्सलवाद तथा उग्रवाद जैसी आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में अग्रणी।
- चुनाव एवं महत्वपूर्ण संस्थानों को अभेद्य सुरक्षा कवच प्रदान करने में अहम भूमिका।
- विशेषीकृत विंग, जैसे कोबरा (जंगल युद्ध), द्रुत कार्य बल (दंगा नियंत्रण), वीआईपी सुरक्षा।

86वीं के.रि.पु.बल दिवस परेड का सीधा प्रसारण ग्रुप केन्द्र के.रि.पु.बल, नीमच, मध्य प्रदेश से दिनांक 17.04.2025 को प्रातः 0720 बजे से इस लिंक पर देखें:- https://www.youtube.com/@CRPFINDIAMHA

Visit us at : www.crpf.gov.in @crpfindia crpf_india CentralReservePolice CRPF -INDIA

CBC 19111/13/0001/2526

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95